बिहार–सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, समस्तीपुर

पत्रांक 2322 / समस्तीपुर, दिनांक 26/10/24 /

प्रेषक:–

कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, समस्तीपुर।

सेवा में,

एयान इन्फा सर्विस
हरून नगर, सेक्टर –1
महावीर कैंसर अस्पताल
फुलवारीशरीफ, पटना–861505
मो0 नं0–

विषय:– शीर्ष–MMGSY Gen योजनान्तर्गत मो0 वदरजामा के घर के नजदीक से राम टोला में लगे **ATR** को Satisfactory Regrade करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक कहना है कि विभागीय निदेशानुसार माह अक्टुबर 2024 में सहायक अभियन्ता द्वारा पथों के निरीक्षण हेतु *BRRMS App* के *Login ID* पर *Regular Maintenance Roads Inspection* की सूची में आपके द्वारा एकरारित पथ मो0 वदरजामा के घर के नजदीक से राम टोला सम्मिलित था। आज दिनांक 08..10.2024 को *State MIS* के अवलोकन से ज्ञात हुआ है कि सहायक अभियन्ता द्वारा उल्लेखित पथ को निरीक्षणोपरान्त *U (UnSatisfactory)* श्रेणी में रखा गया है।

उक्त आलोक में आपको अवगत कराना है कि विभाग द्वारा नामित किसी भी निरीक्षणकर्त्ता द्वारा पथों के निरीक्षणोपरान्त पथ को *SRI* एवं *Unsatisfactory* श्रेणी में रखे जाने के उपरांत पथ से संबंधित किसी भी प्रकार का भुगतान प्रमण्डल कार्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा एवं अन्य दण्डात्मक कार्रवाई भी की जायेगी।

उपरोक्त परिस्थिति में आपको निदेशित किया जाता है कि संबंधित सहायक अभियन्ता से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क स्थापित कर 10(दस) दिनों के अन्दर पथ को संतोषजनक श्रेणी (Satisfactory Regrade) में लाये जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा विभागीय निदेश के आलोक में वाध्य होकर बिहार ठिकेदारी पंजीकरण नियम (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम–11 के आलोक में आपके निबंधन को काली सूची में डालने एवं निबंधन को निलबंन हेतु अनुशंसा भेजने की कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

26/10/24

कार्यपालक अभियन्ता।
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,
समस्तीपुर

26/10/24